दिन– बुधवार | दिनांक– 11 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – पिछले ग्यारह वर्षों में भारत में बुनियादी ढांचे में हुए विकास से जीवन तेजी से सुगम और समृद्ध हो रहा है।

02. रेलवे ने जुलाई महीने से ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार संख्या को अनिवार्य किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में बिहार के पहले टू लेन डबल डेकर एलिवेटेड फ्लाईओवर का उद्घाटन किया।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित। बयालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी लगातार तीसरे दिन राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे के लिए भारत का प्रयास सतत और दीर्घकालिक दृष्टि से प्रेरित है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की नींव रख रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे में क्रांति के ग्यारह साल हो गए हैं। इस दौरान बेहतरीन बुनियादी ढांचे बनाए गए हैं। इससे भारत की विकास में गति आई है। उन्होंने कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्ग और बंदरगाह से हवाई अड्डा तक भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क जीवन को आसान बना रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है।

---

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक तक उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम भारत के परिवहन बुनियादी ढांचे के परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। एक रिपोर्ट....

———रिपोर्ट———

पिछले दशक में भारत ने समग्र और एकीकृत दृष्टिकोण से अभूतपूर्व पैमाने पर बुनियादी ढांचों का विकास देखा है। राजमार्ग निर्माण का दैनिक औसत बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 34 किलोमीटर प्रतिदिन पर पहुंच चुका है, जो 2014 की तुलना में लगभग तीन गुना है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत, आर्थिक गलियारे विकसित करने और रसद लागत को कम करने के लिए 20 हजार किलोमीटर से अधिक राजमार्गों का निर्माण किया गया है। वहीं, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2014 से अब तक 7 लाख 80 हज़ार किलोमीटर से अधिक की लम्बाई की सड़कों के निर्माण के द्वारा ग्रामीण संपर्क 99 प्रतिशत पहुंच गया है। जबकि पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान ने एकीकृत बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 44 मंत्रालयों और 36 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को ळप्ै–आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म पर

एकीकृत किया है। रेलवे की क्षमता में भी व्यापक वृद्धि हुई है। 45 हजार किलोमीटर से अधिक रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया गया है तथा तीन सौ 33 जिलों को जोड़ने वाली 68 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चलाई जा रही हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1 हज़ार तीन सौ से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। विमानन क्षेत्र में उडान योजना – उड़े देश का आम नागरिक के तहत 88 हवाई अड्डों को कार्यरत किया गया है। मेट्रो रेल कनेक्टिविटी अब 23 शहरों तक फैली हुई है, जिसके साथ भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन गया है। सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत बंदरगाहों और अंतर्देशीय जलमार्गों से जुड़ी 277 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। दुनिया की सबसे ऊँची चिनाब रेलवे ब्रिज, दुनिया की सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग – अटल और दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ती – स्टैच्यू ऑफ़ यूनिटी, भारत के इंजीनियरिंग करिश्माओं के अविश्वनीय प्रतीक हैं। ये सभी मील के पत्थर उत्पादकता को बढ़ावा देने के साथ–साथ संयोजकता में सुधार और 2047 तक विकसित भारत की नींव रख रहे हैं। विष्णु की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से जया भारती।

---

रेल मंत्रालय ने कहा है कि अगले महीने से केवल वे उपयोगकर्ता ही भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम –आईआरसीटीसी की वेबसाइट और ऐप के माध्यम से ऑनलाइन तत्काल टिकट बुक कर सकेंगे, जिन्होंने आधार के साथ अपना खाता प्रमाणित किया है। ये कदम तत्काल टिकटों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित करने और यात्रियों के हित को सुरक्षित रखने के लिए उठाया गया है। ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए पंद्रह जुलाई से आधार–आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। बुकिंग के समय उपयोगकर्ता के मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी से प्रमाणीकरण किया जाएगा। एक साथ ज्यादा बुकिंग को रोकने के लिए, भारतीय रेलवे के अधिकृत टिकटिंग एजेंटों को बुकिंग विंडो के पहले तीस मिनट के दौरान तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह प्रतिबंध वातानुकूलित कोच के लिए, सुबह दस बजे से साढे दस बजे तक और गैर–वातानुकूलित कोच के लिए, सुबह ग्यारह बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक लागू होगा।

---

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों की सेवा करना उनके लिए ईश्वर की सेवा के समान है। आज दिल्ली में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों से संवाद में श्री चौहान ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य कृषि में नवाचार को बढ़ावा देना है।

–––बाइट–––

इधर, शेखपुरा जिले के घाटकुसुंभा और चेवाड़ा प्रखंड के अलग–अलग गावों में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों के साथ संवाद कर उन्हें नई तकनीकों और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में बिहार के पहले टू लेन डबल डेकर एलिवेटेड फ्लाईओवर का उद्‌घाटन किया। यह फ्लाईओवर गांधी मैदान से पीएमसीएच होते हुये अशोक राजपथ, साइंस कॉलेज और एनआईटी को जोड़ता है। इस फ्लाईओवर से अशोक राजपथ पर यातायात सुगम होगा और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। फ्लाईओवर के ऊपरी डेक की लम्बाई दो हजार एक सौ पचहत्तर मीटर जबकि निचले डेक की लम्बाई एक हजार चार सौ उनचास मीटर है। इसके निर्माण पर चार सौ बाईस करोड़ रूपये की लागत आई है। वहीं, मुख्यमंत्री ने अशोक राजपथ पर स्थित राजकीय उर्दू पुस्तकालय के नये भवन का भी उद्‌घाटन किया।

---

प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने से लोगों को उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई जगहों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। बयालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी लगातार तीसरे दिन राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आज सुपौल, अररिया और किशनगंज को छोड़कर राज्य के अधिकांश हिस्सों में गर्म दिवस की स्थिति बनी रही। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों तक तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———बाइट———

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने सासाराम रेलवे स्टेशन से जीआपी के दारोगा विजय कुमार सिंह को पांच हजार रूपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ब्यूरो की डीएसपी किरण पासवान ने बताया कि गिरफ्तार दारोगा शिकायतकर्ता से एक मामले में मदद करने के लिए घूस ले रहा था।

---

राजधानी पटना में कोविड के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान तीन नये मरीजों की पुष्टि हुई। अबतक चौंसठ लोगों में

कोविड संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। इनमें से चौबीस मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं।

---

महान संत, कवि और समाज सुधारक संत कबीर दास की आज जयंती है। इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संत कबीर दास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि उन्होंने अपना जीवन सामाजिक सद्भाव के लिए समर्पित कर दिया।

———बाइट———

संत कबीरदास जी ने अपनी साखियों और दोहों के माध्यम सामाजिक समानता, शांति और भाईचारे पर बल दिया। उन्होंने कहा जाति न पूछो साधू की, पूछ लीजिए ज्ञान और लोगों से अपील की वे धर्म और जाति से ऊपर उठकर लोगों को ज्ञान के आधार पर मानें उनका सम्मान करें। उनकी बातें आज सदियों बाद भी उतनी ही प्रभावी है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संत कबीर दास को याद करते हुए कहा है कि उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से अपने समय में समाज में व्याप्त कुरीतियों का विरोध किया।

---

इक्कीस जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व आज नई दिल्ली में आकाशवाणी के रंग भवन में कार्यस्थल पर योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए योग विशेषज्ञ डॉ. पुनीत चतुर्वेदी ने योग को एक ऐसा संकल्प बताया जिसका कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

———बाइट———

योग जो है वो एक संकल्प है और संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। इसलिए ऐसा नहीं कि 21 जून के दिन ही हम योग अभ्यास करें उसके बाद न करें। देखिए बुद्धू से बुद्धा बनने का जो एनलाइटमेंट हो रहा है, वो हमारा योग, ध्यान और मेडिटेशन के द्वारा हो रहा है। डाइट, स्लिप और एक्सरसाइज कितनी जरूरी है। फिलॉसफी ऑफ योगा तो इम्पोर्टेंट है, वो प्रेक्टिस ऑफ योगा के साथ–साथ ही उस चीज को लेना चाहिए।

इस कार्यक्रम में आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ और अतिरिक्त महानिदेशक एल. मधु नाग ने हिस्सा लिया।

---

प्रदेश के विभिन्न जिलों में एकलव्य आवासीय विद्यालयों का एक बार फिर जुलाई महीने से संचालन शुरू होगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक

रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि इन विद्यालयों में लड़के और लड़कियों के लिए कुल अठारह खेल विधाओं में नामांकन लिया जाएगा।

---बाइट---

---

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के कार्यान्वयन में सारण जिले को राज्य स्तरीय रैंकिंग में पहला स्थान मिला है। सिविल सर्जन डॉक्टर सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि जिले में अबतक बारह लाख नवासी हजार से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। वहीं, सत्तर साल से अधिक आयु के नौ हजार नौ सौ साठ लाभार्थियों का वय वंदना कार्ड बनाया गया है।

---

मैथिली के वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार शरदिन्दु कुमार चौधरी का आज पटना में निधन हो गया। वे लगभग सत्तर वर्ष के थे। शरदिन्दु कुमार चौधरी ने मिथिला मिहिर सहित दर्जनों पत्र–पत्रिकाओं का संपादन किया। उनकी ख्याति एक व्यंग्य लेखक के रूप में भी थी। उनके निधन पर साहित्य जगत से जुड़े लोगों ने गहरी संवेदना जताई है।

---

कटिहार जिले के रौतारा थाना क्षेत्र स्थित गोविंदपुर चौक के पास से पुलिस ने तीस लाख रूपये मूल्य के स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – पिछले ग्यारह वर्षों में भारत में बुनियादी ढांचे में हुए विकास से जीवन तेजी से सुगम और समृद्ध हो रहा है।

02. रेलवे ने जुलाई महीने से ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार संख्या को अनिवार्य किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में बिहार के पहले टू लेन डबल डेकर एलिवेटेड फ्लाईओवर का उद्घाटन किया।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित। बयालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी लगातार तीसरे दिन राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।